मेरा फरीदाबाद

फरीदाबाद, सोमवार, 28 अक्टूबर 2024

www.nationalpraharinews.com

नेशनल प्रहरी दैनिक

अग्रवाल कॉलेज की छात्रा ने उत्तीर्ण की जे आर एफ हिंदी परीक्षा

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

बल्लबगढ़। अग्रवाल कॉलेज की पूर्व छात्रा आंचल तंवर ने हिंदी विषय से 98.7 परसेंटाइल से जेआरएफ की परीक्षा पास कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान (गर्वनिंग बॉडी) एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता के संरक्षण में प्रतिवर्ष कॉलेज के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहते हैं।

अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने आंचल को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हिंदी विभाग के सहायक प्रवक्ताओं डॉ रेनू माहेश्वरी एवं डॉ मधु सिंगला के कुशल मार्गदर्शन में उत्तीर्ण आंचल को आगामी भविष्य के लिए बहुत–बहुत शुभकामनाएं दी गई।